In the News

Publication: **Sanmarg** | Region: **Kolkata** | Date: **27/11/2019**

रिलायंस निप्पॉन की नई बीमा योजना

सन्मार्ग संवाददाता, कोलकाता :रिलायंस निप्पॉन जीवन बीमा कंपनी (आरएनएलआईसी) ने टर्म प्रोटेक्शन प्लान लॉन्च किया है। सभी आयुवर्ग के लोगों के लिए बनी यह योजना चार विकल्पों के साथ ग्राहकों की विभिन्न सुरक्षा को ध्यान में रखती है। कंपनी के **ईडी एवं सीईओ आशीष वोरा** ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने ग्राहकों को सही सुरक्षा की जानकारी दें और हमारे प्रोडक्ट इसी बात को ध्यान में रख कर बनाए गए हैं। यह विशिष्ट सुरक्षा योजना अपने विभिन्न ग्राहकों के सुरक्षा कवर को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई है जो चार अलग-अलग कवर विकल्प प्रदान करती है। आरएनएलआईसी का प्रस्ताव न केवल जीवन कवर के लिए सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि रिटर्न की गारंटी भी देता है। वोरा ने कहा कि जापान की सबसे बड़ी बीमा कंपनी निप्पॉन लाइफ हमारी कंपनी की जॉइंट वेंचर पार्टनर है। हाल ही में निप्पॉन लाइफ ने म्यूचुअल फंड कंपनी में अपनी हिस्सेदारी 75% तक बढ़ा दी है और जीवन बीमा कंपनी में 49% की हिस्सेदारी रखती है।